MY NET TV

निष्पक्ष,निर्भीक,निश्छल

डिजिटल समाचार

Saturday 7th March 2026

website: mynettv. online

स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित

धामी। राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील परिसर में स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत को भव्य बनाया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को जीवन में मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उनके भावुक और प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों को काफी प्रभावित किया।

विदाई समारोह में कुल 13 छात्राओं और 5 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले चरण में प्रतिभागियों ने रैम्प वॉक और इंटरैक्शन राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे चरण में टैलेंट राउंड आयोजित किया गया, जिसके आधार पर आठ प्रतिभागियों को प्रश्न-उत्तर चरण के लिए चुना गया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि यदि आपको देश के प्रधानमंत्री से एक घंटे वार्तालाप करने का अवसर मिले तो आप उनसे क्या बातचीत करेंगे। सभी प्रतिभागियों के उत्तरों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. दिनेश शर्मा और डॉ. कविता कुमरा ने निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री रंजना और उनकी सहयोगी सुश्री कनिका ने किया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को रोचक और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न खिताब प्रदान किए गए। मिस्टर फेयरवेल का खिताब कार्तिकेय और मिस फेयरवेल का खिताब इशिता को मिला। मिस्टर पर्सनालिटी के रूप में भरत तथा मिस पर्सनालिटी के रूप में निलाक्षी को चुना गया। वहीं मिस्टर टैलेंट का खिताब समीर और मिस टैलेंट का खिताब मुस्कान को प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मोनिका और उनकी सहेलियों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उनके शानदार नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मिस्टर फेयरवेल बने कार्तिकेय और इशिता को मिस फेयरवेल का खिताब

स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का हुआ आयोजन

दैनिक आवाज जनादेश/सुन्नी

राजकीय महाविद्यालय धामी स्थित सोलह मील परिसर में स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात संगीत विभाग की छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत को भव्य बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को जीवन में मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उनके भावुक और प्रेरणादायक शब्दों ने विद्यार्थियों को काफी प्रभावित किया। विदाई समारोह में कुल 13 छात्राओं और 5 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता के पहले चरण में प्रतिभागियों ने रैम्प वॉक और इंटरैक्शन राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दूसरे चरण में टैलेंट राउंड आयोजित किया गया, जिसके आधार पर आठ प्रतिभागियों को प्रश्न-उत्तर चरण के लिए चुना गया। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने प्रतिभागियों से प्रश्न किया कि यदि आपको देश के प्रधानमंत्री से एक घंटे वार्तालाप करने का अवसर मिले तो आप उनसे क्या बातचीत करेंगे। सभी प्रतिभागियों के उत्तरों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. दिनेश शर्मा और डॉ. कविता कुमरा ने निभाई। कार्यक्रम का मंच संचालन रंजना और उनकी सहयोगी कनिका ने किया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को रोचक और व्यवस्थित ढंग से संचालित किया। प्रतियोगिता के अंत में विभिन्न खिताब प्रदान किए गए। मिस्टर फेयरवेल का खिताब कार्तिकेय और मिस फेयरवेल का खिताब इशिता को मिला।

मिस्टर पर्सनालिटी भरत तथा मिस पर्सनालिटी निलाक्षी को चुना गया। वहीं मिस्टर टैलेंट का खिताब समीर और मिस टैलेंट का खिताब मुस्कान को प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में मोनिका और उनकी सहेलियों ने पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। उनके शानदार नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।